## सार-समाचार

### ईश्वर ही सत्य है : बालव्यास श्रीकांत शर्मा

**झुंझुनूं**, (निसं)। हमीरी रोड स्थित पुजारी फॉर्म हाउस पर भारत के प्रसिद्ध भागवत कथावाचक बाल व्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने सत्संग प्रवचन में कहा कि भगवान के भजन और साधना से बार-बार जन्म लेने से मुक्ति मिलती है। उन्होंने सनातन धर्म की महिमा बताते हुए कहा कि सनातन धर्म का अर्थ है शास्वत या सदा रहने वाला। सनातन धर्म के मूल तत्व सत्य, अहिंसा, दया, क्षमा, दान, जप, तप व यम आदि है। उन्होंने बताया कि ईश्वर ही सत्य है। आत्मा ही सत्य है और इस सत्य मार्ग से परिचित करवाने वाला ही सनातन धर्म है। वह सत्य जो अनादि काल से चला आ रहा है। कभी भी जिसका अंत नहीं होगा। वहीं सनातन या शास्वत है। इस आयोजन के संयोजक पवन पुजारी ने बताया कि प्रवचन से पूर्व सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। इसके बाद बालव्यास श्रीकांत शर्मा का साफा, माला, अंग वस्त्र पहना, भगवान श्रीराम का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। उनका जेपी शर्मा, आनंद पुजारी, उमाशंकर महमिया, पवन देरवाला, महेश बसावतिया, रामनारायण कुमावत, सुरेंद्र शर्मा, विनोद पुरोहित, वशिष्ठ शर्मा, गणेश तिवाड़ी, पवन पांडे, राकेश सहल, अनिल जोशी, एडवोकेट नीरज शर्मा, डॉ. देवकीनंदन तुलस्यान, प्रमोद खंडेलिया, पंडित हरिकिशन शुक्ला, नवीन पुजारी आदि द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

### मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

**पाटन** (निसं)। प्रदेश सहित देशभर में 4 फरवरी को भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर जंयती कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर राज्य सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, जिसमें अधिकांश शिक्षण संस्थानों ने सरकार के आदेशों की पालना करते हुए अपने शिक्षण संस्थानों में अवकाश रखा। लेकिन नीमकाथाना में कुछ शिक्षण संस्थानों ने अपने संस्थान संचालित रखे जो सरकार के आदेशों का उल्लघंन है। इस तरह के शिक्षण संस्थानों ने संवैधानिक अधिकारों का उल्लघंन कर भगवान देवनारायण को मानने वाले लोगो पर बहुत बडा मानसिक आघात पहुंचाया है,जिस कारण भगवान देवनारायण को मानने वाले 36 कौमों के लोगों में भारी आक्रोश है। ऐसे शिक्षण संस्थानों पर शिघ्र कार्यवाही होनी चाहिए एवं इनकी मान्यता रद्द कर व इनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। एडवोकेट श्रीराम गुर्जर दीपावास ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त व जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

### जांगिड़ अध्यक्ष व पारीक सचिव मनोनीत

**रतनगढ** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजकीय जालान महाविद्यालय इकाई की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए परिषद के नगरमंत्री विवेक बंशीवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रहितों को सर्वोपरि मानते हुवे वर्ष भर महाविद्यालय कैम्पस में सक्रिय रहती है। एवं राष्ट्रीय निर्माण में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करती है। बंशीवाल ने महाविद्यालय कार्य को गति देने के लिए राजकीय जालान महाविद्यालय में इकाई अध्यक्ष कृष्णा जांगिड, उपाध्यक्ष रितिक दाधीच एवम सचिव अनुज पारीक को घोषित किया है। महाविद्यालय के नव नियुक्त दायित्ववान परिषद कार्यकर्ता संगठन कार्य को ओर मजबूती प्रदान करेंगे। इस दौरान परिषद के नगर सहमंत्री मोहित जांगिड़, प्रवीण हर्षवाल, दीपसिंह, लोकेश जोशी ,अभिषेक सैनी,जतिन महर्षि, आदित्य सारस्वत, कारण शर्मा, मोहित शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंडल अध्यक्ष घोषित

**सीकर**, (निसं)।भाजपा में पांच मंडल अध्यक्षों की घोषणा गुरूवार को की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सारस्वत ने प्रदेश संगठन पर्व कमेटी के निर्णयानुसार एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी संगठन पर्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का सर्वसम्मत निर्वाचन के पश्चात घोषणा की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सारस्वत ने सीकर विधानसभा के पांच मंडल अध्यक्ष घोषित किए हैं। सीकर विधानसभा के जोन एक मंडल (डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी) में इंद्रचंद शर्मा, जोन दो मंडल (पं. दीनदयाल) में प्रदीप अग्रवाल, जोन तीन मंडल (सुंदर सिंह भंडारी) में एडवोकेट जयप्रकाश सैनी, पिपराली मंडल में श्रवण कुमार मुंड एवं दादिया मंडल में गुलाब धींवा को मंडल अध्यक्ष घोषित किया है।

### यज्ञ में आहुतियां दी

**मुकुंदगढ़**, (निसं)। कस्बे में स्थित घुवालेवाला शिवालय मंदिर परिसर में गुरुवार को आचार्य ललित त्रिवेदी मुंबई के सानिध्य में दुर्गा माता का नव चंडीय महायज्ञ मंदिर मुख्य ट्रस्टी कुसुम राजेंद्र घुवालेवाला, राखी गौरव घुवालेवाला द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी। इसके बाद कन्या पूजन करके। कन्या भोजन करवा कर दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पुजारी मनोज सुरोलिया ने बताया कि शुक्रवार को मंदिर का नौवां वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। वार्षिक उत्सव पर दुर्गा माता व पंचमुखी बालाजी का फूलों से विशेष शृंगार कर भोग लगाकर महाआरती कर भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित नवीन शर्मा, पंडित जयप्रकाश, घनश्याम सुरोलिया, पवन डीडवानिया, बाबूलाल नूआंवाले, रमाकांत घोड़ेला, राजपालसिंह, मूलचंद चेजारा सहित भक्तगण तैयारियों में जुटे हुए है।

### पदाधिकारियों से मुलाकात की

**सीकर**, (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने गुरूवार को जयपुर में प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष बाटड ने संगठन पर्व के प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, संगठन पर्व प्रदेश सह संयोजक हरिराम रणवां एवं प्रदेश महामंत्री व संगठन पर्व प्रदेश सह संयोजक सुशील कटारा से भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने प्रदेश के नेताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। प्रदेश के नेताओं ने जिलाध्यक्ष बाटड़ को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इस दौरान राजेश रोलन, कर्णसिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रेम सिंह बाजौर सीकर दौरे पर

**सीकर** (निसं)। राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर 6 से 8 फरवरी 2025 को सीकर के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। निजी सहायक असलम खान ने बताया कि अध्यक्ष बाजौर 7 फरवरी 2025 शुक्रवार को दोपहर 1.30 बजे बस स्टेण्ड दांतारामगढ़ में अमर शहीद मोहन लाल कुमावत की भव्य मूर्ती एवं विश्राम गृह अनावरण समारोह में शामिल होंगे। अध्यक्ष बाजौर 8 फरवरी 2025 रविवार को प्रात:10 बजे श्यामनगर माकडी नीमकाथाना में उप स्वास्थ्य केन्द्र के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। तीन दिवसीय दौरे के दौरान वे विभिन्न निजी कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

### अजीतगढ़ पंचायत समिति के वार्ड नम्बर 9 में उपचुनाव 15 को

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित पंचायत समिति सदस्य उपचुनाव माह फरवरी 2025 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीकर जिले की पंचायत समिति अजीतगढ़ के वार्ड संख्या 9 में 14 फरवरी 2025 शुक्रवार को मतदान एवं मतगणना 15 फरवरी 2025 शनिवार को प्रात:9 बजे की जायेगी। उन्होंने बताया कि कार्यालय पंचायत समिति अजीतगढ के कमरा नम्बर 9 में स्ट्रोंग रूम एवं पंचायत समिति अजीतगढ के ही कमरा नम्बर 10 में मतगणना आयोजित की जायेगी।

### मधुमक्खियों ने महिलाओं को घायल किया

**चिड़ावा** (निसं)। ओजटू गांव के पंचायत भवन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास एक बड़ी घटना सामने आई। यहां मधुमक्खियों के छत्ते से अचानक निकली मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे 5 लोग घायल हो गए। घायलों में सौरभ, सरिता, सरोज और पूजा आदि शामिल हैं। सभी घायल ओजटू के निवासी हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को चिड़ावा के सरकारी उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया।

### खेजड़ी से गिरने से अधेड़ की मौत

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती गाँव गोगटिया चारणान में खेजडी काटते समय पैर फिसलने से एक अधेड की मौत हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक हनुमान प्रसाद खेत में खेजडी काटने गया हुआ, खेजडी काटते समय हनुमान प्रसाद का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। हनुमान प्रसाद को तारानगर के सरकारी अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्स्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 15 लाख रुपए की फिरौती की मांग कर मिठाई की दुकान में तोड़फोड़ की

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के बडाऊ गांव में बदमाशों ने 15 लाख रुपए की फिरौती की मांग को लेकर मिठाई की दूकान में तोडफोड की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद आरोपी गाडी में बैठकर फरार हो गए। दूकान में हुई वारदात के बाद व्यापारी आक्रोशित हो गए तथा अपने प्रतिष्ठान बंद कर पुलिस से बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीडित व्यापारी गंगा सिंह ने बताया कि वह जोधपुर का रहने वाला है तथा पिछले काफी दिनों से बडाऊ में मिठाई की दूकान चला रहा है। तीन दिन पहले उसके पास बडाऊ निवासी सुरेंद्र सिंह का

■ **विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद कर कार्रवाई की मांग की**



वारदात के बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर पुलिस से बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

फोन आया और 50 हजार रुपए की मांग की। इस दौरान उसने धंधा अच्छा नहीं होने की बात कहकर रूपए नहीं होने पर पैसे देने से मना कर दिया।

गुरूवार को करीब 12 बजे एक स्वीफ्ट गाडी में सुरेंद्र सिंह अपने दो साथियों के साथ आया तथा रूपए देने की मांग की। जब उसने रूपए नहीं होने की बात कही तो तीनों बदमाशों ने आवेश में आकर दुकान में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद दुकान चलाने के लिए 15 लाख रुपए की फिरौती देने की धमकी देते हुए गाडी में बैठकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर काफी संख्या में व्यापारी एकत्रित हो गए तथा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अपने प्रतिष्ठान बंद कर विरोध जताया। घटना की सूचना पर खेतडीनगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। थानाधिकारी विजय सिंह चंदेल ने बताया कि बदमाशों द्वारा मिठाई की दुकान में तोडफोड करने की वारदात को अंजाम दिया है। मामले की जानकारी जुटाई जा रही है तथा जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा में रूक्मणी विवाह का आयोजन

**खेतड़ी**, (निसं)। सिंघाना कस्बे के गोपीनाथ मंदिर परिसर मे चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को रूक्मणी विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने कन्या का दान कर झांकियां सजाई गई।

कथावाचक केशव कृष्ण महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया, जिस पर सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गई।

कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था, इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ।

रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कार्यक्रम में आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर पर मुख्य यजमान विनोद फटकरीवाला, पुष्पा देवी, शकुंतला देवी, विमला देवी, रामवती, कमला देवी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# विद्यार्थी खेल को आत्मविश्वास के साथ खेलें : एडीपीसी महर्षि

**चूरू** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार एडीपीसी समग्र शिक्षा चूरू की ओर से गुरुवार को जिला खेल स्टेडियम में विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं के लिए जिला-स्तरीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एडीपीसी संतोष कुमार महर्षि ने किया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक हवा सिंह ने विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को खेल के उद्देश्य व खेल को खेल की भावना से खेलने का सम्बलन प्रदान किया। इसके साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बालकों के तीन दिवसीय खेल व एक्सपोजर विजिट की जानकारी दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये एडीपीसी महर्षि ने बालकों को आत्मविश्वास के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किया और समावेशी शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों के बारे में निर्देश दिये। हवा सिंह ने बताया कि इन खेल गतिविधियों में जिले के 90 विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं व 45 अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में



चूरू जिला-स्तरीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें गुब्बारा फोड़, चित्रकला, जलेबी कूद, चम्मच दौड़, रूमाल झपट्टा, बैडमिन्टन आदि शामिल है।

खेल गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विशेष बालकों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, कार्यक्रम अधिकारी इकबाल हसन गौरी, विशेष अध्यापक देवेन्द्र, महावीर सिंह, मंगलाराम, मनीष, कमल, नरेश, चंदा प्रजापत, नारायण सिंह व शारीरिक शिक्षक ओमन सिंह आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**रतनगढ़** (निसं)। शहर के हनुमान पार्क के पास चल रही भागवत कथा में गुरुवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान पूरा पांडाल भक्तिमय हो गया तथा 'नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की' की गूंज से गूंजायमान हो गया। इस मौके पर व्यासपीठ पर विराजमान कथा वाचक कृष्णानंद महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर भूमि को पाप के भार से मुक्त करते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण परम योगेश्वर है, उनका जन्म मनुष्य के भीतर व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार का नाश कर आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के लिए ही हुआ है। महाराज ने कहा कि जिस प्रकार वसुदेव ने भगवान को अपने सिर पर धारण किया, तो उनकी हथकड़िया और बेड़िया टूट गई तथा कारागार के द्वार अपने आप खुल गए। उसी प्रकार मनुष्य भगवान के शरणागत होकर उनको शिरोधार्य करता है, तो वह समस्त भव बंधन व सांसारिक बंधनों से मुक्त हो जाता है। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान सुशील कुमार, संदीप कंदोई ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर राममनोहर जैसनसरिया, एडवोकेट घनश्याम सोनी, निरंजन जांगिड़, नारायण सरोठिया, अशोककुमार कंदोई, विपुल सारोठिया, लक्ष्मीपत रातुसरिया, गोविंद रातुसरिया, रामस्वरूप पंसारी, राकेश पंसारी, आत्माराम धनावत, गोपाल गोयल, कनक वशिष्ठ, सुशील पंसारी, नारायण सराफ, एडवोकेट जयकांत बिंवाल, प्रेमचंद रूंथला, विमल चौधरी, दिलीप कंदोई, पवन कंदोई, नंदकिशोर कंदोई, ओमप्रकाश कंदोई सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं फूलों की होली के साथ शिव महापुराण कथा को विश्राम दिया

**झुंझुनूं**, (निसं)। लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ में सातवें एवं अंतिम दिवस व्यास पीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बालव्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया।

इससे पूर्व भागवत ग्रंथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया। शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर के सामने चौथमल गोयनका नोहरा में किया जा रहा है। परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी आत्मारामजी महाराज के पावन आशीर्वाद से श्रीदादू द्वारा बगड गुरुदेव महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज के पावन सानिध्य में व्यासपीठ से बाल व्यास ने आशुतोष, भवानीशंकर भगवान शिव परम तपस्वी एवं ज्ञान, वैराग्य, भक्ति तथा योग साधना के शीर्षदेव हैं। उनकी आराधना से धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष की सहज प्राप्ति होती है। प्रत्येक मनुष्य में शिव तत्व उपस्थित है और इसे शिव के प्रति अनुराग, भक्ति एवं आराधना से जागृत किया जा सकता है। आराधक उनके विभिन्न स्वरूपों को ध्यान में रखकर



शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन हुआ।

अपने को शिवमय कर सकता है। उन्होंने बताया कि तपस्या से संसार जनित विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं अहंकार से मुक्ति मिलती है। यह जनकल्याण का प्रथम चरण है।

न्यूनतम आवश्यकताएं, भगवान शिव शरीर पर भस्म धारण करते हैं तथा मृगछाल पहनते हैं। हाथ में जल भरने के लिए कमंडल रखते हैं तथा खड़ाऊं धारण किए हैं। उनकी आवश्यकताएं अत्यंत सीमित हैं। इस मनोभावना के कारण व्यक्ति त्याग और असंग्रह की ओर प्रवृत्त होता है। महाराज श्री ने कहा कि सहनशीलता भगवान शिव, नीलकंठ हैं तथा कंठ में ही सदैव नाग को धारण करते हैं। उन्होंने समुद्र मंथन से प्राप्त विष को अपने कंठ में धारण किया है। जो यह संदेश देता है कि संसार में अनेक प्रकार की विषमताएं एवं विसंगतियां विद्यमान हैं। नीलकंठ स्वरूप हमें विपरित परिस्थितियों में एवं विपरीत व्यवहार में भी अविचल रहने की प्रेरणा देते हैं। कथा के समापन पर फूलों की होली में भक्तों ने नाच कर गाकर किया खुशी का इजहार। इससे पूर्व भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी किया गया। कथा स्थल को सुंदर वाटर प्रूफ टेंट बनाकर सजाया गया। पंडाल एवं स्टेज डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान, टेंट वाले रामावतार जांगिड़ की सेवाएं सराहनीय रही।

**कथा में स्थानीय विशिष्टजनों के अलावा प्रवासियों ने लिया हिस्सा:-** इस अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी इंद्रकुमार मोदी दिल्ली, सुरेशचंद्र पंसारी, कृपाशंकर मोदी मुंबई, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अग्रवाल जयपुर, राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, अनिल टेकडीवाल एवं दिनेश गुप्ता दिल्ली, परमेश्वर हलवाई, रमाकांत एवं प्रदीप जालान सूरत, जयपुर से प्रमोद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, पूनम ढंढारिया, संजय अग्रवाल, शिखरचंद बैराठी, विनोद अग्रवाल, मुंबई से गोपीराम मोदी, संतकुमार मोदी, सूरत से विमल ढंढारिया, सुशील तुलस्यान हैदराबाद, चैन्नई से महावीरप्रसाद गुप्ता एवं गजेंद्र मोदी, अशोक अग्रवाल नीमकाथाना, रामकिशन लोहिया मुंबई, विशाल गोयल काठमांडू, मनीष गोयल अजमेर, सगुन, अनूप गाडिया अहमदाबाद, जयपुर से सुधीर गाडिया, मुरारी बजाज, सुरेश बंसल, ओमप्रकाश सैनी, विकास बैराठी, अनिल शर्मा, नरेश टीबड़ा, विनोद ढंढारिया, अरुण गुप्ता, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य बुद्धिप्रकाश अग्रवाल, श्रीकांत पंसारी, कैलाश अग्रवाल, कैलाशचंद्र सिंघानिया, अर्जुन वर्मा, शरद शर्मा, पवन केजड़ीवाल, नवल किशोर खंडेलिया, विनोद सिंघानिया, एडवोकेट संजय शर्मा, उमाशंकर महमिया, पवन पुजारी, विनोद पुरोहित, डॉ. भावना शर्मा, राकेश तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रीगोपाल हलवाई, शिवचरण हलवाई, पंडाल एवं स्टेज डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान, टेंट वाले रामावतार जांगिड़, नितिन नारनौली, अनिल केजड़ीवाल, निर्मल मोदी, सुभाष जालान, प्रमोद खंडेलिया, मातादीन टीबड़ा, सीए पवन केडिया, गोपाल हलवाई, संपत्त चुड़ैलेवाला, अजीत राणासरिया एवं रामचन्द्र राणासरिया सहित अन्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### जानवर ने चार भेड़ों को शिकार बनाया

**खिरोड़**, (निसं)। भोजनगर गांव के शिवनगर में जंगली जानवर ने एक बाडे में घुसकर चार भेडों को अपना शिकार बना लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवनगर के विद्याधर गुर्जर के मकान के पीछे उसके बाडे में भेड बकरियां बंधी हुई थी। जिसमें से जंगली जानवर ने चार भेडों को अपना शिकार बना लिया। जंगली जानवर घुसने का पता तब चला। जब 40 पेडों में से चार भेड़ें कम मिली। बाद में इधर-उधर देखकर पता किया तो जंगली जानवर द्वारा घसीटने के निशान एवं उसके पदचिह्न दिखाई दिए। वहीं कुछ अवशेष भी मिले। मगर जंगली जानवर का पता नहीं चला कि वह क्या जानवर था व कौन सी साइड चला गया। आस पडौस के लोगों द्वारा इधर-उधर जंगली जानवर को देखने पर भी पता नहीं चला। विद्याधर गुर्जर को हजारों का नुकसान हुआ है। जंगली जानवर घर के पीछे बाडे में घुसकर कर चार भेडों को अपना शिकार बनाए जाने की सूचना किसानों द्वारा टोंक छीलरी के उप सरपंच किशनलाल गुर्जर के नेतृत्व में वन विभाग को भी दी जा चुकी है। किसानों ने बताया कि इलाके में ऐसी घटनाएं आए दिन होने लगी है और किसानों को व पशुपालकों को काफी नुकसान होने लगा है। मगर सरकार एवं प्रशासन द्वारा कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। क्षेत्र में जंगली जानवर को लेकर लोगों में काफी भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से विद्याधर गुर्जर को हजारों का नुकसान होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही मुआवजा राशि दिलवाई जाने की मांग की है। साथ ही आगे से इस तरह की घटनाओं नहीं होने को लेकर पुख्ता इंतजाम भी किए जाने की मांग की है।

### डॉ. संदीप पचार ने पीएमओ का पद संभाला

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजकीय जिला बीडीके अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के पद पर डॉ. संदीप पचार ने गुरूवार को फिर से कार्यग्रहण किया। डॉ. पचार गत वर्ष भी इस पद पर कार्यरत थे। लेकिन विभाग द्वारा उन्हें 22 नवम्बर 2024 को निलंबित किया गया था व डॉ. राजवीर राव को चार्ज दिया गया था। विभागीय कार्यवाही के विरोध में डॉ. पचार ने राजस्थान सिविल सेवा अधिकरण जयपुर में एडवोकेट अमन भामू के जरिए अपील की थी। अधिकरण अध्यक्ष विकास सीताराम भाले व न्यायिक सदस्य अनंत भंडारी की बैंच ने माना कि डॉ. पचार के विरूद्ध कोई जांच विचाराधीन नहीं है और जिस प्रकरण में उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई है। उससे उनका कोई सीधा संबध नहीं था। अपने आदेश में अधिकरण ने डॉ. पचार को फिर से पीएमओ पद पर कार्यगहण करवाने के आदेश चिकित्सा विभाग को दिए है। कार्यग्रहण अवसर पर निर्वतमान पीएमओ डॉ. राव के साथ डॉ. इकराज, डॉ. प्यारेलाल भालोठिया, तहसीलदार सन्नी भामू, पूर्व उप सभापति वीरेंद्र डारा, डॉ. संदीप कडवासरा, दीपक डूडी, दीपेंद्र बुडानिया, डॉ. श्यामलाल, डॉ. संजय ऐचरा व पंकज लमोरिया सहित मेडिकल व नर्सिंग स्टाफ के अनेक सदस्य मौजूद थे।

### आमजन को जागरुक किया

**सादुलपुर**, (निसं)। श्री एस.जे.डी.अग्रवाल (तोला )महिला पी.जी. कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 'स्वच्छता ही सेवा' थीम पर आयोजित विशेष शिविर में गुरूवार को स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान किया। शाम चार बजे मिली जानकारी में कार्यक्रम अधिकारी नंदिता जांगिड ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने गोद ली बस्ती सैनिक कॉलोनी एवं प्राचीन बालाजी शिव दुर्गा-भैरव मंदिर में साफ-सफाई की। छात्राओं ने कचरे को जलाकर निस्तारित किया तथा मंदिर प्रांगण के कुंड पायथन की सफाई की। वहीं बौद्धिक सत्र के दौरान संस्था अध्यक्ष रामावतार बैरासरिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता से ही मनुष्य स्वस्थ रहता है तथा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिए हमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने छात्राओं द्वारा किए गए कार्यो की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सैनिक बस्ती कॉलोनी वासी एवं मंदिर पुजारी सत्यनारायण ने आभार व्यक्त किया।

### नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते तिरुपति जाने वाली ट्रेन की चार ट्रिप रद्द

**चिड़ावा** (निसं)। दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में बडा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य होने जा रहा है। काजीपेट-विजयवाडा रेलखंड के खम्मम स्टेशन पर तीसरी लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते यात्री सेवाएं प्रभावित होंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि हिसार-चिड़ावा-तिरुपति रूट पर चलने वाली स्पेशल ट्रेन की चार ट्रिप रद्द की गई हैं। गाड़ी संख्या 04717 (हिसार से तिरुपति) 8 और 15 फरवरी को नहीं चलेगी। वहीं वापसी में चलने वाली गाड़ी संख्या 04718 (तिरुपति से हिसार) 10 और 17 फरवरी को रद्द रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इन तारीखों के लिए अपनी यात्रा की योजना इस ट्रेन के अनुसार न बनाएं और वैकल्पिक व्यवस्था करें। रेलवे द्वारा किया जा रहा यह विकास कार्य भविष्य में बेहतर रेल सेवाओं के लिए आवश्यक है।

### निःशुल्क कंप्यूटर क्लासेज शुरू

**चिड़ावा** (निसं)। एम्स कंप्यूटर सेंटर रेलवे स्टेशन चिडावा में राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क महिला आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स बैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पार्षद मदनलाल डारा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. बी एल वर्मा, मनोहर लाल, कमल खंडेलिया, संजय पुजारी, सुनील कुमार, संजय वर्मा, मनीष वर्मा, अनीता वर्मा आदि उपस्थित रहे। जिसमें महिलाओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।